हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

थाना - हाफिजपुर **दिनांक 24-11-2024**

ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस ने गुमशुदा युवक को अथक प्रयास के बाद सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 21.11.2024 को ग्राम गिरधरपुर तुमरैल निवासी दीपक मुदगल माता-पिता के डाटने फटकारने से छुब्द होकर घर से बिना बताये कहीं चला गया था जिसका परिजनों द्वारा काफी तलाश करने पर कुछ पता नहीं चल सका। उक्त सूचना पर थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा तत्काल गुमशुदगी पंजीकृत कर गुमशुदा युवक की तलाश हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

कार्यवाहीः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा युवक को अथक प्रयास के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री आशीष कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री विपुल कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड ।
3. उ0नि0 श्री हेमन्त कुमार अत्री थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
4. है0का0 830 रवि तेवतिया थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
5. का0 321 राजेश कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।